2 चांपा हुआ राममय, श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह, फूटे जमकर पटाखे




## खबर संक्षेप

### प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बैज का जिला आगमन आज



**जांजगीर-चांपा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का आगमन 24 जनवरी को हो रहा है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पार्षद नागेंद्र गुप्ता ने बताया कि 24 जनवरी को दोपहर 2 बजे अग्रसेन भवन स्टेशन रोड नैला में कांग्रेस जनों की महत्वपूर्ण बैठक लेंगे। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करेंगे एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की मणिपुर से मुंबई तक की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जो उड़ीसा सीमा से छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगी उसमें जांजगीर-चांपा , कोरबा एव सक्ति जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा संभावित है। जिसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश देंगे। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह विधायक अकलतरा एवं जांजगीर चांपा विधायक व्यास कश्यप, पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश सहित वरिष्ठ कांग्रेसजन सहित सभी कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### विधानसभा सत्र : अधिकारियों कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का द्वितीय सत्र सोमवार 5 फरवरी से प्रारंभ होने के फलस्वरूप कलेक्टर आकाश छिकारा ने विधानसभा सत्र के अवसान तक जिले के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगाया है। कोई भी अधिकारी किसी भी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे एवं अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही रहेगें। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे। अवकाश की नितांत आवश्यकता होने पर कलेक्टर द्वारा ही अवकाश स्वीकृत किए जाएंगे।

### झांसा देकर दैहिक शोषण आरोपी मुंबई से गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाले फरार आरोपी को सायबर सेल की मदद से मुंबई से गिरफ्तार किया गया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है। शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 मार्च को पीड़िता ने थाना उपस्थित आकर आरोपी रवि चौहान निवासी दर्रा थाना भटगांव जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी द्वारा शादी का झांसा देकर जबरदस्ती दैहिक शोषण किया। जिससे गर्भवती हो गई। रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना शिवरीनारायण में धारा 376 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी घटना दिनांक से फरार था। आरोपी को सायबर सेल की मदद से मुंबई से पकडा। अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर 22 जनवरी को न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

## चोरभट्‌टी सोसायटी अंतर्गत खपरी उपकेन्द्र में प्रभारी नदारद, बिगड़ी व्यवस्था

# धान खरीदी में ठेकेदारी! केन्द्र प्रभारी ने खड़े किए हाथ तो चौकीदार को दे दी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-पामगढ़

धान खरीदी में फर्जीवाड़ा को लेकर बदनाम हो चुके जांजगीर चांपा जिले में धान खरीदी को ठेके पर देने का एक और नया मामला प्रकाश में आया है। पहले विभाग द्वारा जिसे केन्द्र प्रभारी बनाया गया था, उसने खरीदी करने से इंकार कर दिया। ऐसे में मैदानी अमले ने जीरो शार्टेज लाकर देने की शर्त रखी और स्टाम्प पेपर पर लिखा पढ़ी करके चौकीदार पर पूरी जिम्मेदारी थोप दी। मामला चोरभट्‌टी सोसायटी अंतर्गत खरीदी उप केन्द्र का है।



धान खरीदी केन्द्र।

जिले के पामगढ़ ब्लाक अंतर्गत ग्राम खपरी में धान खरीदी उपकेन्द्र में 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू हुई है। यह उपकेन्द्र सेवा सहकारी समिति चोरभट्‌टी अंतर्गत संचालित है। जहां 1 नवंबर को धान खरीदी प्रारंभ होने के दौरान धीरेन्द्र कश्यप को खरीदी प्रभारी बनाया गया था। इस दौरार धीरेन्द्र ने खरीदी करने से इंकार करते हुए अपना आवेदन दिया था। इसके बाद जिला सहकारी बैंक प्रबंधन ओर उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा चोरभट्‌टी सोसायटी में पदस्थ चौकीदार तीजराम कश्यप को खरीदी की पूरी जिम्मेदारी सौंप दी। बताया जाता है कि चौकीदार के समक्ष खरीदी के दौरान पूरी व्यवस्था कराने और जीरो शार्टेज लाकर देने की शर्त रखी गई। इसके आधार पर स्टाम्प पेपर में लिखा पढ़ी भी कराई गई है। इसके बाद से खपरी उपकेन्द्र में धान की पूरी खरीदी चौकीदार के भरोसे हो रही है। इधर खरीदी के आखिरी दिनों में किसानों की भीड़ बढ़ने लगी है और बेमौसम बारिश से व्यवस्था चरमराने लगी तब इस ठेकेदारी प्रथा का खुलासा हो रहा है। मंगलवार 23 जनवरी को खपरी के किसान धान बेचने पहुंचे थे। इस दौरान वहां जिस तरह की अव्यवस्था दिखी, उस पर किसानों ने नाराजगी जाहिर करते हुए केन्द्र प्रभारी से बात करने की कोशिश की, तब पता चला कि जिसे केन्द्र प्रभारी बनाया गया है वह तो खरीदी केन्द्र में मौजूद ही नहीं है। पूरी खरीदी चौकीदार के भरोसे हो रही है। इधर बेमौसम बारिश को लेकर राजस्व अमले की टीम निरीक्षण में पहुंची। इस बीच ग्राम कोटवार के माध्यम से पंचनामा रिपोर्ट तैयार किया गया। जिसमें खरीदी केन्द्र प्रभारी की अनुपस्थिति तथा केन्द्र में तकरीबन 7 सौ बोरी धान खुले आसमान तले पड़े होने के साथ अधिकांश बोरियों में सिलाई नही होने की बाते उल्लेखित की गई। इधर इस मामले की जानकारी सोसायटी के साथ जिला सहकारी बैंक के अधिकारियों तक पहुंची, तो उनके द्वारा कम्प्यूटर ऑपरेटर को खरीदी केन्द्र बनाए जाने की बातें कही गई, लेकिन इस संबंध में कोई अधिकृत आदेश नहीं होना भी बताया गया। इस संबंध में खपरी उप केन्द्र में खरीदी कर रहे चोरभट्‌टी सोसायटी के चौकीदार तीजराम कश्यप का कहना है कि पहले जिसे खरीदी प्रभारी बनाया गया था, उसके इंकार करने पर उसे जिम्मेदारी मिली है। धान की तौलाई, सिलाई के साथ जीरो शार्टेज लाकर देना है। स्टाम्प पेपर में लिखा पढ़ी भी दिया गया है। इसी प्रकार कम्प्यूटर ऑपरेटर रविन्द्र यादव का कहना है कि उसे खरीदी करने की मौखिक जिम्मेदारी दी गई है। लिखित में कोई आदेश नहीं है। कुल मिलाकर देखा जाए तो विगत वर्षो में धान खरीदी में फर्जीवाड़े को लेकर पूरी तरह से बदनाम हो चुके जिले में इस बार की धान खरीदी में खपरी उप केन्द्र में खरीदी शुरू होने के बाद से केन्द्र प्रभारी के नदारद होने व खरीदी केन्द्र में ठेकेदारी प्रथा से चौकीदार को जिम्मेदारी सौंपने के इस मामले ने जिम्मेदार विभाग के साथ प्रशासन की कार्यशैली पर भी प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। कई जगहों के धान उपार्जन केन्द्रों पर देखा जाता है कि धान खरीदी के लिए प्रभारियों की नियुक्ति तो की जाती है , लेकिन पूरा कामकाज ऑपरेटर एवं चौकीदार के भरोसे ही संचालित होता है।

#### बनाए है वैकल्पिक व्यवस्था

जिसे खपरी में केन्द प्रभारी बनाया गया था। उसने खरीदी करने का इंकार कर दिया। ऐसे में कम्प्यूटर आपरेटर को वैकल्पिक व्यवस्था बनाकर जिम्मेदारी दी गई है।

**-शरद सिंह,**
शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी बैंक अकलतरा

#### मामला लेंगे संज्ञान में

नियमों के तहत प्रभारी के माध्यम से धान खरीदी की जानी है। चौकीदार समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी कर रहा है तो मामला संज्ञान में लेकर कार्रवाई करेंगे।

**-रेशमलाल तिवारी,**
नोडल अधिकारी
जिला सहकारी बैंक जांजगीर

#### रिपोर्ट आने पर की जाएगी कार्रवाई

खपरी उप केन्द्र में जांच के लिए सहकारिता निरीक्षक को कहा गया है। उनके द्वारा जांच पड़ताल की जाएगी। जांच की रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**- उमेश गुप्ता**
उप पंजीयक
सहकारी संस्थाएं जांजगीर

#### दिए है जांच के आदेश

उपपंजीयक द्वारा धीरेन्द्र कश्यप को खरीदी प्रभारी बनाया गया था, किंतु धीरेन्द्र द्वारा प्रभारी बनने से मना करने पर ब्रांच मैनेजर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित अकलतरा के मौखिक आदेश पर चोरभट्ठी सोसायटी के चौकीदार तीज राम कश्यप से स्टाम्प में सारी जवाबदारी का लिखा पढ़ी करवा कर खरीदी कराई जा रही है।

**- रामशंकर श्रीवास**
प्रबंधक चोरभट्ठी सोसायटी



प्लेसमेंट कैंप में शामिल बेरोजगार युवा।

# 240 पदों के लिए भर्ती पहुंचे महज 116 युवा

## नौकरी एवं स्वरोजगार पाने रूचि नही ले रहे बेरोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बेरोजगारो को नौकरी एवं स्वरोजगार से जोडने प्लेसमेंट कैंप लगाया गया। कैंप में वेदांता स्कील स्कूल के द्वारा 240 पदो में भर्ती करनी थी, लेकिन महज 116 बेरोजगार ही पहुंचे। इनमें से 82 का चयन किया गया है। खासबात यह है कि नौकरी के लिए जो टारगेट रखा गया था उसके मुताबिक करीब 124 बेरोजगार नौकरी एवं स्वरोजगार पाने पहुंच ही नही सके।

अभिवाजित जिले में शिक्षित युवा बेरोजगारो की आबादी डेढ लाख के करीब जा पहुंची है। वही नौकरी पाने को लेकर लगातार भागदौड भी युवा कर रहे है। वही दुसरी ओर जिला स्वरोजगार एंव मागदर्शन केन्द्र के माध्यम से प्लेसमेंट कैंप एंव रोजगार मेला का आयोजन लगभग हर महीने किया जा रहा है। इसी कड़ी में वेदांता स्कील स्कूल बाल्को के द्वारा कुल 240 पदो के भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैंप लगाया गया। कैंप में पात्र बेरोजगारो से आवेदन मंगाए गए जिनमें इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर,सेविंग आपरेटर, फीटर, होटल मैनेजमेंट, सोलर तकनीकी सहायक के पद शामिल रहे। कुल 240 पदो की भर्ती के लिए महज 116 बेरोजगार ही नौकरी पाने पहुंचे। वेदांता स्कील स्कूल की तरफ से कैंप में बेरोजगारों का चयन करने पहुंची टीम ने दस्तावेजों का परीक्षण व साक्षात्कार के बाद 82 युवाओ का चयन किया। देखा जाए तो अभिवाजित जिले में बेरोजगारो का आंकडा डेढ लाख के करीब जा पहुंचा है। वही बेरोजगार नौकरी पाने के लिए निजी औद्योगिक संस्थाओ के साथ साथ निजी स्कूलो में भी नौकरी पाने को लेकर ध्यान तक नही दे रहे है।

#### किया जा रहा चयन

शिक्षित युवा बेरोजगारो को स्वरोजगार से जोडने मेला का आयोजन किया जा रहा है। बाल्को स्कूल के द्वारा आयोजित प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से 82 का चयन मौके पर से किया गया। नौकरी के लिए बेरोजगारो को प्रेरित भी करते है।

**-मनीषा ठाकुर**
स्कील डेवोल्पमेंट आफिसर
जांजगीर चाम्पा

# मरीज की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा

बलौदा के एक निजी अस्पताल में मंगलवार को एक युवक के परिजनों ने हंगामा किया। युवक की मौत को लेकर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया गया। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के पहुंचने के बाद किसी तरह मामला शांत हुआ।

दरअसल बलौदा के राजकेशर हास्पिटल में 22 जनवरी को भिलाई ग्राम के युवक कृष्ण कुमार यादव को लेकर उसके तीन-चार साथी पहुंचे। डॉक्टर द्वारा देखते ही युवक को मृत घोषित कर दिया गया। युवक के साथ आए लोगों के कहने पर डॉक्टर ने सीपीआर देकर रिस्पांस लाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद शव को वापस भिजवा दिया गया। शाम को मृतक के परिजन और ग्रामीण हास्पिटल पहुंचे और हंगामा करने लगे। सूचना पर थाना प्रभारी मनोहर सिन्हा मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद भिलाई से शव को वापस अस्पताल लाया गया। परिजनों ने रात में शव को घर नहीं ले जाने की बात कही और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ शिकायत दर्ज करने थाने चले गए। मंगलवार 23 जनवरी की सुबह मृतक के परिजन और ग्रामीण फिर अस्पताल पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार, एसडीओपी समेत पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिजनों और अस्पताल प्रबंधन से बात कर अंतिम संस्कार के लिए अस्पताल की ओर से आर्थिक मदद दिलाकर किसी तरह मामला शांत कराया गया।

#### जब पहुंचा तब मृत था युवक : संचालक

इस संबंध में राजकेशर हास्पिटल के संचालक डा. दिलीप जैन का कहना है कि सोमवार 22 जनवरी की दोपहर करीब 3 बजे कार से 4 व्यक्ति मृत अवस्था में युवक को लेकर हास्पिटल आए। बाहर ही जांच के बाद युवक के मौत की जानकारी दी गई। युवक के साथ आए लोगों के निवेदन पर सीपीआर तथा ईसीजी कर पुनः जांच करने के बाद मृत घोषित किया गया। युवक के साथियों के निवेदन पर हास्पिटल के एम्बुलेंस से शव को भिलाई भिजवाया गया। बाद में सरपंच के साथ अस्पताल आकर ग्रामीणों ने हंगामा किया। मानवता के नाते अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को आर्थिक मदद की राशि दी है।

### 25 लीटर महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** 25 लीटर महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला नवागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम महंत का है। इस संबंध में मिली सूचना के आधार पर 22 जनवरी को मुखबिर से जानकारी मिली कि रामू बरेठ निवासी महंत द्वारा अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री की जाती है। सूचना पर मौके पर दबिश दी गई। जहां उनके कब्जे से जरिकेंन में रखे कच्ची महुआ शराब 25 लीटर कीमती 25 सौ को बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध थाना नवागढ़ में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर 23 जनवरी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक सत्यकला रामटेके थाना प्रभारी नवागढ़, उप निरीक्षक रमेश एक्का, एएसआई बाबूलाल दिवाकर एवं थाना नवागढ़ स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।



## सरखों से निकली जागरूकता रथ, बांटे पाम्पलेट

# यातायात पाठशाला लगाकर छात्र-छात्राओं को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

यातायात पाठशाला लगाकर छात्र छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि सड़क पर चलते समय किस तरह की सावधानी बरतनी चाहिए। नाबालिग होने की स्थिति में वाहन परिचालन के दौरान जुर्माना लगाने पर भी जानकारी दी गई।

गौरतलब है कि जांजगीर यातायात पुलिस द्वारा 34 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा 15 जनरी से 15 फरवरी तक मनाया जा रहा है। जिसके तहत प्रत्येक दिवस विभिन्न कार्यकमो का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 23 जनवरी को शासकीय हाई स्कुल सुकली पहुंचकर यातायात पाठशाला लगाकर स्कूली छात्रो को यातायात नियमों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। यातायात पाठशाला के दौरान स्कूली छात्रो को यातायात के संकेतो के संबंध में जानकारी दिया गया। नाबालिक छात्र एवं छात्राओं को स्वयं वाहन चलाकर स्कूल नहीं आने तथा अपने परिवार के वरिष्ठजनों को यातायात नियमों का पालन करने बताये जाने हेतु समझाईश दी गई। उक्त कार्यक्रम में लगभग 100 छात्र छात्रा सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे। इसके साथ ही जागरूकता रथ ग्राम सरखों पहुंची। उन्होंने बताया गया कि शराब सेवन कर वाहन न चलाए एवं यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। यातायात नियमों संबंधि पापलेट बांटा गया। साप्ताहिक बाजार के दौरान लगभग 150 लोगो को यातायात नियमों के संबंध में जानकारी दी गई। यातायात पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न चौक चौराहों पर जाकर लगभग 150 आम नागरिकों को यातायात नियमों के संबंध में जानकारी दी गई।



यातायात का पाठ पढ़ाते पुलिस।




## खबर संक्षेप



### सोनियापाठ में कर्मा नाच के साथ झांकी व कलश यात्रा

**देवरी-सारागांव।** अयोधया में 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्राम पंचायत सोनियापाठ में लोगो ने कर्मा नाच के साथ श्रीराम भगवान की झांकी व कलश यात्रा निकाल कर सभी मोहल्ले भ्रमण करते हुए सोनियापठहीन ढाई मंदिर पहुंचे। ततपश्चात भंडारा प्रसाद वितरण किया गया और मंदिर परिसर में देर रात तक भजन कीर्तन कार्यक्रम चलता रहा। मंदिर परिसर में दीपो से लिखा गया जय श्रीराम, इसके बाद जहां गांव लोगो ने अपने घरों में दीपोत्सव भी मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती रूखमणी साहू , संजय कुमार साहू , सत्यनारायण, शांतिलाल राठौर, ध्रुव पटेल, सालिकराम, नन्दकुमार , विष्णु , गोविंद, रामकृष्ण , सतीश कुमार, महेत्तर, सन्तोष , विनोद , मनमोहन , रघुराज सिंह, भारत , गौतम , लक्ष्मण, त्रिभुवन , ब्रजकुमार, पुरोषतम , घासीराम, गणेशराम , श्रवण कुमार, गजाधर , वीरसिंह , बाबूलाल , नेहरू , मस्तदास, रवि , सुभाष, रामसाय , सचिन , विजय , मुकेश, राधेश्याम , अनूप , राजू , मंगलू , रमेश , शंकर सिंह , रोहित , तिलेश्वर , माखन सिंह , अजय, गौरी शंकर, नारायण सहित गांव के लोग शामिल हुए ।

### रामलला स्थापना दिवस पर दीप यज्ञ व भजन का हुआ आयोजन



**जांजगीर-चांपा।** अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक दिन को यादगार बनाने जिला महिला पतंजलि योग समिति द्वारा शारदा मंदिर परिसर में श्रीराम स्तुति मंत्रोच्चार के साथ दीप यज्ञ,भजन, प्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। जिला महिला प्रभारी श्रीमती मनीषा गोपाल ने कहा आज हम सभी भारतवासी के लिए खुशी का दिन है। जिला महामंत्री श्रीमती चमेली साहू ने कहा आज के दिवस की खुशियों का बखान चन्द शब्दो में नहीं किया जा सकता, चहूं ओर जश्न का माहौल है, वर्षो की प्रतीक्षा आज पूरी हुई। उनके द्वारा आज हमारे राम आ गए गीत की प्रस्तुति ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। दीप जलाकर उत्सव मनाया गया । कार्यक्रम में शारदा साहू संवाद प्रभारी,संगठन मंत्री ममता यादव संगठन मंत्री,चंद्रकिरण सोनी मीडिया प्रभारी,प्रतिमा साहू जिला कार्यकारिणी सदस्य, आशा दुबे, विभा उपाध्याय पूजा गुप्ता, निशा मिश्रा,सावित्री सराफ, मालती यादव, नम्रता शर्मा, अलका शर्मा, सुष्मिता यादव, गरिमा गुप्ता, शकुंतला यादव, दिव्या यादव, श्रद्धा यादव, दंतेश्वरी राठौर, मधु जायसवाल, सुचिता शर्मा, श्रीमति सिसोदिया, शिवानी जायसवाल, सुष्मिता यादव, गुनगुन साहू, गरिमा गुप्ता ने हिस्सा लिया।

### बजरंग दल के सदस्यों ने खीर पूड़ी बांटकर किया ग्राम भ्रमण



**किकिरदा-बिर्रा।** अयोध्या में श्री रामचंद्र के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर किकिरदा के अटल चौक के हनुमान मंदिर में बजरंग दल के सदस्यों के द्वारा 1001 दीप प्रज्वलित कर बस स्टैंड चौक पर खीर पूड़ी प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद ग्राम भ्रमण करते हुए डीजे की धुन में नाचते गाते बजरंग दल के सदस्यों ने बजरंग चौक होते हुए देवांगन पारा, ठाकुर देव चौक, हायर सेकेंडरी स्कूल होते हुए अंबेडकर चौक, कटही पारा होते हुए बस स्टैंड चौक और उसके बाद अटल चौक पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुंदन सोनी जिला संयोजक बजरंग दल सक्ती, विशिष्ट अतिथि श्री कर्ष जिला संयोजक, ओम प्रकाश पटेल भाजयुमो हसौद शामिल हुए। इस अवसर पर नारायण प्रसाद पटेल, शिव चंद्रा, सुरेश चंद्रा,सोनू आदित्य,चंद्रशेखर पटेल, सतीश चंद्रा, राजेश्वर चंद्रा, गोबिंद पटेल, तूजन पटेल, पारस चंद्रा, भरत देवांगन, नौधेस आदित्य, अनिल चंद्रा, परस आदित्य, शुभम पटेल, रितेश देवांगन के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### स्वर्ण भूमि में निकली शोभायात्रा

**बिलासपुर।** अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को स्वर्णभूमि कॉलोनी में उल्लास के साथ मनाया गया। स्वर्णभूमि में दो दिनों से धार्मिक आयोजन हुए। यहाँ अखंड रामायण, शोभा यात्रा, शबरी की कुटिया के साथ, राधा कृष्ण की झांकी, शिव तांडव का भी आयोजन हुआ। रात्रि में भजन गायक प्रवेश शर्मा जीबीकानेर एवं अंजलि द्विवेदी बरेली ने रात्रि भजन संध्या का भव्य आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्ति रस का पान किया।



## अनेक स्थानों पर हुई पूजा-अर्चना, प्रसाद वितरण, भंडारे व कवि सम्मेलन का आयोजन

# चांपा हुआ राममय, श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह, फूटे जमकर पटाखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



सांई मंदिर हटरी के समक्ष पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।



डोंगाघाट से निशान यात्रा निकालती श्याम सखी मंडल की सदस्य।



मारूति टाउनशिप स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में सुंदरकाण्ड का पाठ करते श्रद्धालु

अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में रामलला प्राण - प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन सोमवार 22 जनवरी को दोपहर 12:20 बजे से आयोजित किया गया। इस दौरान कोसा, कांसा और कंचन की नगरी चांपा भगवा व राममय रही। मंदिरों में पूजा-अर्चना के अलावा नगर के हर चौक-चौराहों एवं गलियों में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक तथा व्यापारिक संगठनों द्वारा भोग-भंडारे व प्रसाद का वितरण किया गया। कई स्थानों पर देर रात तक जमकर पटाखे फोड़कर खुशियों का इजहार किया गया। सुबह से लेकर रात तक लोगो ने जगह - जगह प्रसाद, भोग व भंडारे को ग्रहण किया। रात्रि में चांपा सेवा संस्थान द्वारा परशुराम चौक पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें देश के ख्यातिप्राप्त कवियों ने हास्य - व्यंग्य श्रृंगार व वीर रस की कविताओं का पाठ कर श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर विशिष्टजन ने मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना करते हुए नगरवासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस दौरान लोगों द्वारा मंदिरों में जाकर श्रीराम भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना करने से समूचा नगर भक्ति से सराबोर रहा। अनेक स्थानों पर लोगों ने बड़ी एलईडी टी. व्ही. लगाकर अयोध्या में आयोजित समारोह का लाइव प्रसारण देखा। कई जगह मंदिरों में सुंदरकाण्ड के पाठ के अलावा हनुमान चालीसा और भजनों की प्रस्तुति की गई। सदर बाजार, परशुराम चौक, डोंगाघाट स्थित हनुमान मंदिर मार्ग को भगवा रंग के कपड़े, गुब्बारों एवं रंगोली बनाकर सजाया गया।

शहर के लगभग सभी मंदिरों में दीपदान और दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह से लेकर देर रात तक लोग बड़ी संख्या में सड़को पर उपस्थित रहकर समारोह की खुशियां मनाते दिखे। स्थानीय विद्युत मंडल कार्यालय में भी इस मौके पर पूजा-अर्चना और भोग-भंडारे का आयोजन किया गया। मोदी चौक नंदजी काम्पलेक्स परिसर स्थित होटल सुमीत-इन परिवार द्वारा भी हनुमान मंदिर में सुंदरकाण्ड व प्रसाद वितरण के बाद दोपहर 12:30 बजे भंडारे का आयोजन किया गया। स्थानीय श्याम बाबा सेवा समिति के सहयोग से श्रीश्याम सखी मंडल द्वारा समारोह के दौरान अपरान्ह 4 बजे से डोंगाघाट स्थित श्रीराम मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद निशान यात्रा खाटू वाले श्याम मंदिर तक निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में मंडल की सदस्य शामिल हुई। इस दौरान समिति के अध्यक्ष शैलेश कुमार शर्मा के अलावा सुनील अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, छैलबिहारी अग्रवाल, गजेन्द्र अग्रवाल, राज अग्रवाल, शैलेन्द्र अग्रवाल, विनोद मोदी, अर्जुन शर्मा, रामलाल सोनी सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित थे। निशान यात्रा के श्याम मंदिर पहुंचने के बाद यहां छोटे-छोटे बच्चों द्वारा रामायण की प्रस्तुति की गई। शाम को पूजा-अर्चना के बाद महाप्रसाद के वितरण के साथ ही आयोजन संपन्न हुआ। नगर के स्टेशन रोड स्थित मारूति टाउनशिप परिसर में स्थापित श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक सुंदरकांड पाठ, सायं 5 से 7 बजे तक दीपोत्सव तथा इसके पश्चात कम्युनिटी हॉल में भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया। इसी तरह सरस्वती शिशु मंदिर में बाहर से आने वाले वरिष्ठ सत्संग कर्ताओ द्वारा रात्रि 9 बजे से शबद-कीर्तन एवं इसके बाद रात्रि 9:30 बजे से सत्संग का कार्यक्रम रखा गया। इसके अलावा श्री सांई सेवा समिति द्वारा 22 जनवरी को हटरी बाजार स्थित श्रीसांई मंदिर में पूर्वान्ह 11 बजे से पूजा-अर्चना के बाद दोपहर 12 बजे से भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया। इसी तरह मंझली तालाब सीताराम गली वार्ड नंबर 21 में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर शाम 5 बजे से भजन संध्या, सायं 6 से 7 बजे तक बाल विदुषी छाया दुबे के मुखारबिंद से मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम जी के संदर्भ में मानस प्रवचन हुआ। इसके बाद शाम 7 से 7:30 बजे तक श्रीराम महाआरती की गई। इसके पश्चात 7:30 बजे से 8 बजे के बीच आकर्षक आतिशबाजी के बाद महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। इसके पूर्व सुबह 11 बजे मंझली तालाब के किनारे स्थित श्री हनुमान मंदिर में पूजा - अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। इसी तरह चांपा सेवा संस्थान द्वारा 22 जनवरी को सायं 6 बजे से भगवान परशुराम चैक में श्रीराम दीप से दीपदान किया गया। इसके लिए रंगोली से चौक का श्रृंगार किया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों को विभिन्न पौराणिक देवी देवताओं के स्वरूप में पुरस्कृत किया गया। इसके बाद इंडियन आइडल फेम शिवजी चौधरी द्वारा श्रीरामचंद्र जी का स्तुति गान किया गया। इसके बाद कराओके गायक महावीर सोनी, धीरज सोनी एवं सुनील वनकर द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। संस्थान के संयोजक पुरूषोत्तम शर्मा द्वारा विशेष रूप से तैयार हनुमान जी की मनमोहक गदा की पूजा - अर्चना कर मनोकामना रक्षा सूत्र बांधे गये। इसके बाद महाआरती पश्चात सवा क्विंटल बूंदी से निर्मित सात नग लड्डू का भोग प्रसाद व पूड़ी - सब्जी का वितरण किया गया। इसके पश्चात आतिशबाजी के बाद अष्टगंध, अबीर, चंदन व गुलाल का तिलक लगाकर सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। इसके पश्चात देश के सुप्रसिद्ध कवि डॉ. सुरेन्द्र दुबे के संचालन में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में बंशीधर मिश्रा, प्रशांत बजरंगी, सोनी मिश्रा, हीरामणी वैष्णव तथा रमेश विश्वहार द्वारा श्रृंगार, हास्य व्यंग्य एवं वीर रस की कविताओं की प्रस्तुति से समा बांधा गया।

### पूरा अंचल जय श्रीराम की घोष से गूंज उठा

**देवरी-सारागांव।** 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत देवरी , अमरूवा , सोनियापाठ , कुम्हारीकला , कड़ारी , हनुमंता , लछनपुर , कुम्हारीखुर्द , चोरिया , नगर पंचायत सारागांव सहित अंचल के सभी गांव में श्रीराम की ध्वज से पट गया था। भगवान श्रीराम की जय जय श्रीराम घोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। अंचल की सभी गांवों के मंदिरों में सुबह से देर रात्रि तक भजन कीर्तन रामायण आरती का कार्यक्रम चलता रहा । अनेक गांव में भजन कीर्तन के साथ फटाका फोड़ते हुए जुलूस भी निकाला गया । श्रद्धालु भक्तो ने गांव में जगह जगह भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। जहां देर शाम को अंचल के गांवों में अपने अपने घर के सामने दीपोत्सव मनाते हुए फटाके फोड़े गए। पूरे अंचल राममय हो गया । इस उत्सव में महिलाएं , पुरुष सभी वर्ग के लोगो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और काफी उत्साह देखने को मिला ।



### श्रीराम की भक्ति में डूबे ग्रामीण, भक्तिमय हुआ पूरा माहौल

**बिर्रा।** रामायण मंडली का एक दिवसीय रामकथा महोत्सव का आयोजन ग्राम सिलादेही में संपन्ना हुआ। ग्रामीणों ने श्रृद्धा-भक्ति के साथ भगवान श्री राम की कथा का श्रवण किया। इस दौरान पूरे गांव का माहौल राममय बना रहा। अयोध्या मे श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उत्साहित ग्राम वासियों ने पूरे गांव को राम मय कर दिया है। सोमवार को.सिलादेही में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी करके इस उत्सव को दीपावली पर्व की तरह मनाया। महिलाओं ने जहां रंगोली के माध्यम से राम लला को याद किया वही जगह जगह महाआरती एवं खीर पूड़ी का प्रसाद वितरण के साथ जय जय श्री राम एवं जय जय हनुमानजी की जयकारों सें पूरा सिलादेही गूंज उठा। श्री हनुमान मंदिर सड़कपारा, श्री हनुमान मंदिर भाठापारा मे हनुमान चालीसा का पाठ एवं.सुंदरकांड के पाठ भी आयोजित हुआ। मंदिरों में भजन संध्या हुआ। युवाओं ने बाइक रैली निकालकर जय श्रीराम के नारे लगाए। सिलादेही वासियों ने भगवान राम को अपना भाचा मान अपनेपन से सरोबार हो भक्ति रस में डूब नजर आ रहे थे।



### शोभा यात्रा निकालकर की आतिशबाजी, घरों में जलाएं दीपक

**जैजैपुर।** श्री राम लाल प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जगह-जगह भक्तिमय कार्यक्रमों के साथ शोभायात्रा निकालकर जमकर आतिशबाजी की गई साथ ही घर-घर में आस्था के दीप जलाए गए वही घर आंगन में रंगोली भी सजाए गए। दिवाली का माहौल निर्मित रहा। चौक चौराहा में घरों में संगीत के धुन मेरे भगवान आए हैं। मेरे घर राम आए हैं। देर रात तक बजते रहे। वही भगवा वस्त्र धारण कर माथे पर तिलक लगा सनातन संस्कृति के ओत प्रोत होकर गांव नगर की युवाओं ने एकजुट होकर भव्य शोभायात्रा निकाल जय श्री राम के घोष के साथ नगर भ्रमण करते रहे। शोभायात्रा में महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इसी कड़ी में ग्राम दतौद में गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी बी आर चंद्रा, सेतराम चंद्रा, मालगुजार राजकुमार चंद्रा, रामस्वरूप चंद्रा, छोटे लाल चंद्रा, मोटर चंद्रा, श्यामलाल चंद्रा सहित गांव के युवा वर्ग बड़ी संख्या में शामिल थे, जिन्होंने गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकालकर पूरे गांव का भ्रमण किया।



### श्री राम नाम का दीप जलाकर हनुमान चालीसा का किया पाठ



**पामगढ़।** अयोध्या में रामलला की मूर्ति स्थापना के अवसर पर मईनका दाई मंदिर परिसर में श्री राम नाम का दीप जलाकर समस्त ग्राम वासियों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। दिन भर चले कार्यक्रम में मईनका दाई मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ के साथ दिन के कार्यक्रम की शुरुआत की गई तत्पश्चात दिनभर भंडारा में खीर पुरी का वितरण किया गया। पूरे नगर में विभिन्न समितियां द्वारा जुलूस रैली एवं कीर्तन का आयोजन किया गया। सभी ने मां मईनका दाई मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की एवं प्रसाद ग्रहण किया, रात्रि में मईनका दाई परिसर में ही श्री राम के नाम की दीप प्रज्वलित की गई एवं उसके चारों ओर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया जिससे पूरा माहौल भक्ति पूर्ण हो गया। इन कार्यक्रमों के आयोजन में विशेष रूप से दामोदर थवाईत, राहुल थवाईत, संदीप तंबोली, तीजु कश्यप, किशन कश्यप, हरि कश्यप, लव कश्यप, सनी कश्यप,पदुम कश्यप, पुरुषोत्तम कश्यप, मिंटू गांधी, रितिक सिंह गांधी, रिंकू कश्यप, पन्ना कश्यप, सोनू दास, मनी कश्यप, मुकेश कश्यप, एवं समस्त ग्राम वासियों के साथ महिला मंडली का विशेष सहयोग रहा।

### महिला समिति ने श्री रामलला की निकाली झांकी

**जांजगीर।** श्री रामलला की 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर महिला समिति द्वारा पुरानी सिंचाई कालोनी के सामने, राजेंद्र टेंट हाउस जांजगीर में राम सीता, लक्ष्मण व हनुमान जी की भव्य झांकी के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। महिलाओं द्वारा बाजे - गाजे के साथ जय श्रीराम की जयकारे लगाते हुए भव्य झांकी के शोभा यात्रा शिव मंदिर पहुंची, जहां भगवान राम सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी ने भगवान शिव जी की पूजा अर्चना कर सुख, समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।अयोध्या आगमन पर भगवान श्रीराम ने मातृभूमि को नमन करते हुए कहा कि ऱ्हे जननी, जन्मभूमि, हे माता अयोध्या आज मुझे तेरे चरणों में आने का सौभाग्य फिर से प्राप्त हुआ है, तेरा पुत्र राम तेरी पवित्र माटी को शत शत प्रणाम करता है। झांकी के दौरान महिलाएं अपने अपने घरों पर प्रभु श्री राम सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी का थाली सजाकर आरती से स्वागत किए। कालोनी वासियों ने अपने अपने घरों को रंगोली से सजाया और दीपो से दिवाली जैसा प्रकाशमय किया गया। शोभायात्रा के बाद कालोनी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां बच्चो और महिलाओं ने भक्ति से ओतप्रोत मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। झांकी में राम के किरदार में अनुष्का राठौर,सीता के रूप में प्रिंसी पांडेय ,लक्ष्मण ओम पांडेय और हनुमान शौर्य सोनी बने थे। कार्यक्रम का समापन श्रीराम स्तुति के साथ किया गया। समापन पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नमिता गोपाल ने की। इस अवसर सविता यादव, सरितलता राठौर,शशि राठौर,हेमलता शर्मा,गायत्री सोनी,कमलेश्वरी पांडेय,शारदा राठौर,पूजा महंत, मधु राठौर,सरोज राठौर, हेमा शर्मा, अनिता सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित थे।



### नेताजी चौक के पास 11 क्विंटल बूंदी प्रसाद का वितरण

**जांजगीर।** अयोध्या धाम में श्री रामलला जी के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में जनसेवक रामभक्त अमर सुल्तानिया एवं टीम के द्वारा नेता जी चौक स्थित ऑफिस के पास 11 कुंटल बूंदी प्रसाद का वितरण किया गया एवं दीप



 जलाया गया। श्री रामलला जी के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर नगर के लोगो में काफी उत्साह रहा। इस अवसर पर अमर सुल्तानिया ने प्रसाद लेने आए सभी भक्तो को प्रसाद देकर अयोध्या में श्री रामलला जी के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं कहा कि ऐसे ऐतिहासिक पावन पर्व पर हम सभी को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित करना चाहिए उनके नेतृत्व में आज अयोध्या में श्री राम मंदिर की स्थापना एवं श्री रामलला जी के प्राण प्रतिष्ठा हो पायी ऐसे अद्भूत, अविस्मरणीय और भावविहल कर देने वाला क्षण है कि 500 वर्षो का सपना 84 सेकंड की प्राण प्रतिष्ठा विधि से साकार हो पाया। आस्था के इस आयोजन पर पूरे शहर एवं देश में महा दिपावली जैसा माहौल रहा। आज देश के लिए गौरवशाली एवं ऐतिहासिक दिन है कि अयोध्या में श्री राम जी की मंदिर स्थापना एवं प्रभु श्री राम जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। पूरे देश में आज चारों तरफ राममय एवं भक्ति का वातावरण है पुरा देश जय श्री राम के नारे गुंजायमान हो रहा है। एवं प्रसाद लेने आये सभी भक्तों द्वारा जय जय श्री राम के नारे लगाये। सभी ने अपने घरों में भगवा झंडा फहराया मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मनीष तिवारी, मुकेश भोपालपुरिया, जितेन्द्र खाण्डे, सुनील पाण्डेय, हितेश यादव, सुधीर अग्रवाल, संदीप पाण्डेय, आशीष सुल्तानिया, आलोक सुल्तानिया, साकेत तिवारी, भुपेन्द्र साहू, गोलू केंवट, रामलल्ला सिंह, परमेश्वर राठौर, हरिश सोनवानी, गंगू यादव, अमरनाथ यादव, कमल साव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं द्वारा प्रसाद वितरण किया गया।

TOP IN JANJGIR

कोसा साड़ी शो-रूम
महेशराम देवांगन एंड ब्रदर्स
• हैण्डलूम कोसा (टसर) सिल्क साड़ी (हैण्डवोवन, हैण्डब्लॉक प्रिंट, इकावटी)
• मलबरी सिल्क साड़ी • फैंसी सिल्क साड़ियाँ • सलवार सूट
• दुपट्टा • शॉल • ड्रेस मटेरियल • फर्निशिंग कपड़े इत्यादि
पोस्ट ऑफिस के सामने, गौशाला रोड, चाम्पा 495 671 (छ.ग.)
Ph. 07819-245152, 245661, Mob. : 9425505875, E-mail : maheshramdewangan1@gmail.com

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा.) डभरा, जिला सक्ती (छ.ग )**
**// ईश्तहार //**

ग्राम नवापारा (म.) प.ह.नं. 35
तहसील डभरा, जिला सक्ती छ.ग.

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम नवापारा (म.) प.ह.नं. 35 तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक श्री चन्द्रमणी नायक वगै. पिता भुवनेश्वर जाति अघरिया निवासी ग्राम नवापारा (म.) तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग. ने भूमि ग्राम नवापारा (म.) प.ह.नं. 35 खसरा नंबर 568 रकबा 0.40 एकड़ में से 0.10 एकड़ भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप से ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 01/02/24 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वत: या किसी अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 18/01/24 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**डभरा**
**जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा.) डभरा, जिला सक्ती (छ.ग )**
**// ईश्तहार //**

ग्राम डभरा प.ह.नं. 22
तहसील डभरा, जिला सक्ती छ.ग.

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम डभरा प.ह.नं. 22 तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदिका श्रीमती सुभद्रा शर्मा पति रामरक्षित जाति ब्राम्हण निवासी फरसवानी तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग. के द्वारा ग्राम डभरा प.ह.नं. 22 तहसील डभरा में उनके नाम पर स्थित भूमि खसरा नंबर 844/9 रकबा 0.07½ एकड़ भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप से ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 01/02/24 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वत: या किसी अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 18/01/24 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**डभरा**
**जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा.) डभरा, जिला सक्ती (छ.ग )**
**// ईश्तहार //**

ग्राम गोबरा प.ह.नं. 11
तहसील डभरा, जिला सक्ती छ.ग.

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम गोबरा प.ह.नं. 11 तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक श्री पद्युमन कुमार पिता गिरधारीलाल जाति सवरा निवासी ग्राम गोबरा तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग. ने भूमि ग्राम गोबरा प.ह.नं. 11 खसरा नंबर 214/6 रकबा 0.15 एकड़ भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप से ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 01/02/24 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वत: या किसी अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 18/01/24 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**डभरा**
**जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार जांजगीर, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्र Q /तह./वा.- 1 / व्यपवर्तन / 2024
जांजगीर, दिनांक 23/01/2024
रा.प्र.क.- /अ-2/2024

एतद् द्वारा सर्वजनता ग्राम बनारी को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णा गट्टानी पिता आनंद गट्टानी निवासी जांजगीर तह. जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.न. 09 ग्राम बनारी तहसील जांजगीर जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर 2298 / 4 रकबा 0.40 एकड भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन (गोदाम) व्यपवर्तन किये जाने हेतु अ.वि.अ. (रा.) महोदय जांजगीर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त व्यपवर्तन आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा / आपत्ति हो तो वह अपना दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 06/02/2024 के पूर्व पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार न करते हुये प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही कर दी जावेंगी ।

आज दिनांक 23/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया ।

**तहसीलदार**
**जांजगीर**

**न्यायालय तहसीलदार जांजगीर, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्र Q /तह./वा.- 1 / व्यपवर्तन / 2024
जांजगीर, दिनांक 23/01/2024
रा.प्र.क.- /अ-2/2024

एतद् द्वारा सर्वजनता ग्राम बनारी को सूचित किया जाता है कि आवेदिका वंदना गट्टानी पति आनंद गट्टानी निवासी जांजगीर तह. जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.न. 09 ग्राम बनारी तहसील जांजगीर जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर 2298 / 1 रकबा 0.53 एकड भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन (गोदाम) व्यपवर्तन किये जाने हेतु अ.वि.अ. (रा.) महोदय जांजगीर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त व्यपवर्तन आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा / आपत्ति हो तो वह अपना दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 06/02/2024 के पूर्व पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार न करते हुये प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही कर दी जावेंगी ।

आज दिनांक 23/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया ।

**तहसीलदार**
**जांजगीर**

# समारोह को लेकर बॉलीवुड में धूम...

# अयोध्या में दिखा सितारों का पारंपरिक अवतार, हेमा ने डांस की तो सोनू-शंकर ने दी भजनों की प्रस्तुति





**अयोध्या।** सोमवार 22 जनवरी का दिन भारत के इतिहास में एक ऐतिहासिक दिन के रूप में हमेशा अंकित रहेगा। आज के दिन अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ राम भक्तों का सदियों का इंतजार खत्म हुआ है। सिनेमा जगत के सितारों को भी इस अद्भुत पल का साक्षी बनने का मौका मिला, जिसका हिस्सा बनकर वह काफी खुश दिखे। सभी सितारे यहां पारंपरिक अवतार में पहुंचे थे। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान हेमामालिनी ने शानदार नृत्य तथा सोनू निगम व शंकर महादेवन ने बेहतरीन भजनों की प्रस्तुति दी।

## सोनू ने गाया 'राम सिया राम' भजन

भारतीय सिनेमा के जाने-माने गायक सोनू निगम ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समोराह कार्यक्रम की शुरुआत अपनी मधुर आवाज में भजन 'राम सिया राम' गाकर की। सोनू का वीडियो सामने आया है, जिसमें वह 'राम सिया राम' भजन गाते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं सोनू निगम का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह पत्रकार से बात करते हुए उनकी आंखों से खुशी के आंसू बहते नजर आ रहे हैं।

## शंकर महादेवन ने गाया ये भजन

सोनू की प्रस्तुति देने के बाद प्रसिद्ध गायक और संगीतकार शंकर महादेवन ने मंच की कमान अपने हाथों में ली और महफिल लूट ली। उन्होंने अपनी मधुर आवाज में 'श्री राम चंद्र कृपालु भजमन' भजन गाया। शंकर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें भगवान राम के भव्य मंदिर की भी झलक देखने को मिल रही है।

## हेमामालिनी ने झूमकर किया डांस

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुईं हेमा मालिनी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह उद्घाटन के बाद खुशी से झूमती हुई नजर आईं। वीडियो में देखा जा सकता है कि श्रीराम की भक्ति में लीन हेमा बेहद खुशी में डांस कर रहीं हैं। बता दें कि इसके पूर्व भी हेमा ने अयोध्या में 'रामायण' पर आधारित एक नृत्य नाटिका का प्रदर्शन किया था।

## अभिषेक,अमिताभ, चिरंजीवी, रामचरण

*अमिताभ बच्चन अपने बेटे अभिषेक बच्चन के साथ अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के लिए पहुंचे थे। यहां बाप-बेटे की जोड़ी ने कुर्ते के साथ दोनों ने राम के नाम की केसरी रंग की चुनरी ओढ़ी थी। इनके अलावा दक्षिण भारतीय सिनेमा के मशहूर अभिनेता रामचरण अपने पिता चिरंजीवी के साथ यहा आए थे और दोनों शॉल के साथ कुर्ता-पैंट पहने नजर आए।*

## आलिया भट्ट की साड़ी पर टिकीं सबकी निगाहें

आलिया भट्ट श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पति रणबीर कपूर के साथ पहुंची थीं। रणबीर जहां सफेद रंग के धोती-कुर्ते और शॉल में नजर आए तो आलिया की साड़ी ने सभी का ध्यान खींच लिया। दरअसल, आलिया की फिरोजी रंग की साड़ी के आंचल पर रामायण के खास पलों को दर्शाया गया। सतरंगी चोली की बाजुओं पर द्वारकाधीश की हाथों में माला लिए तस्वीर थी। साथ ही स्वास्तिक और गणपति भी बने थे।

## कैटरीना-विक्की की जोड़ी लगी कमाल की

कैटरीना कैफ और विक्की कौशल भी इस ऐतिहासिक दिन का हिस्सा बने थे। कैटरीना गोल्डन रंग की साड़ी में खूबसूरत लग रही थीं। विक्की की बात करें तो उन्होंने क्रीम रंग का कुर्ता पहना था, जिस पर गोल्डन कढ़ाई हो रखी थी। साथ ही उन्होंने मैचिंग शॉल भी लिया था और अपने बालों को बांध रखा था।

## माधुरी सहित ये कलाकार रहे पारंपरिक परिधान में

माधुरी दीक्षित श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में हिस्सा लेने अपने पति डॉ. श्रीराम नेने के साथ अयोध्या पहुंची थीं। अभिनेत्री ने पीले रंग की साड़ी पहनी थी, जिस पर सुनहरे रंग से कढ़ाई हो रखी थी तो डॉ. नेने धोती-कुर्ता पहने नजर आए। इनके अलावा आयुष्मान खुराना, जैकी श्रॉफ, रजनीकांत, होमा मालिनी, रोहित शेट्टी और राजकुमार हिरानी जैसे कई सितारे भी पारंपरिक अवतार में इस भव्य समारोह का हिस्सा बने थे।



## कंगना ने लगाए 'जय श्री राम' के नारे

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद कंगना ने भी अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'राम आ गए हैं।' वीडियो में कंगना जोर-जोर से 'जय श्री राम' के नारे लगाते हुए नजर आईं। इससे पहले कंगना ने अपनी कुछ तस्वीरें साझा कर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की झलक दिखाई थीं।



अनुराधा पौडवाल ने भजन प्रस्तुत किया।



कंगना रनौत



गायक हरिहरन



साउथ अभिनेता रामचरण

## लाइव स्क्रीनिंग देखने उमड़ी भीड़

ज्ञात हो कि पीवीआर और आईनोक्स ने अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह की लाइव स्क्रीनिंग दिखाने की एक खास योजना बनाई थी। यह लाइव स्क्रीनिंग देश के चुनिंदा शहरों में आयोजित की गई थी। उम्मीद के अनुसार देशवासियों ने समारोह की इस लाइव स्क्रीनिंग को सिनेमाघरों में शानदार प्रतिक्रिया दी।

## दिल्ली और मुंबई में हाउसफुल रहे शो

दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के निवासियों द्वारा इस कार्यक्रम को जनता से बेहद शानदार प्रतिक्रिया मिली। स्क्रीनिंग शुरू होने से पहले कुल 43 शो में से 26 शो लगभग फुल हो चुके थे और 10 शो हाउसफुल रहे थे। माया नगरी की बात करें तो मुंबई में लाइव स्क्रीनिंग के 40 शो ऑनलाइन टिकटिंग प्लेटफॉर्म पर लोगों के लिए मौजूद थे। इसमें से 19 बहुत जल्दी भर गए थे, जबकि 11 शो की टिकटें स्क्रीनिंग शुरू होने से पहले ही बिक गईं।

## अक्षय-टाइगर शामिल नहीं हो पाए



अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ मौजूदा वक्त में अपनी आगामी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का टीजर 24 जनवरी को जारी किया जाएगा। इन दिनों दोनों सितारे फिल्म के प्रचार-प्रसार में व्यस्त हैं। यही वजह है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का न्योता मिलने के बावजूद भी अक्षय-टाइगर इस भव्य कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए। हालांकि अक्षय और टाइगर ने एक वीडियो साझा कर प्राण प्रतिष्ठा के लिए अपना उत्साह साझा किया।

## हनुमान गढ़ी मंदिर के किए दर्शन



रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व से अयोध्या पहुंच चुके दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने हनुमान गढ़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने इसका वीडियो भी जारी किया। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'प्रभु राम के प्राण प्रतिष्ठा से पहले हनुमान जी का दर्शनाभिलाषी मैं। अनुपम ने कहा, भगवान राम के पास जाने से पहले हनुमान जी के दर्शन करना बहुत जरूरी है। अयोध्या का माहौल बहुत ही राममय है। हर तरफ हवा में जय श्री राम का नारा है। फिर आ गई दिवाली, यही है असली दिवाली।

## खबर संक्षेप

### बच्चों ने राम, सीता, लक्ष्मण एवं शबरी माता की निकाली झांकी



**गोधना।** सरस्वती शिशु मंदिर गोधना एवं पंचवटी संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोधना के संयुक्त तत्वाधान में राम सीता लक्ष्मण एवं शबरी माता की भव्य झांकी निकाली गई। अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर इस झांकी कार्यक्रम का आयोजन ग्राम गोधना में रखा गया जहां रैली का शुरुआत शिशु मंदिर सरस्वती शिशु मंदिर गोधना के विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौक ,चंडी चौक, गणेश मोहल्ला, महावीर मोहल्ला, मिलन चौक, संतोषी चौक शेरा चौक होते हुए पुन विद्यालय पहुंचा गया। इस रैली कार्यक्रम में बच्चों के साथ ही आचार्यगण , आरएसएस के सदस्य के एवं गायत्री परिवार गोधना के अलावा गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। राम भक्तों के द्वारा जय श्री राम का नारा जोर जोर से लगाया गया। वहीं चौक चौराहों पर प्रसाद वितरण भी किया गया जबकि वरना के राम मंदिर में 24 घंटे तक राम कीर्तन का भी आयोजन किया गया है वही धार्मिक स्थलों पर साफ सफाई के साथ खीर पूरी प्रसाद का वितरण भी किए। अधिकांश ग्रामीण भगवा वस्त्र धारण कर जय श्री राम के जय घोष लगाते नजर आए।

### ग्राम तुस्मा में अखंड नवधा रामायण का आयोजन 28 से

**तुस्मा।** धार्मिक नगरी शिवरीनारायण से लगे ग्राम तुस्मा के सड़क पारा मोहल्ला में 28 जनवरी से मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम चंद्र जी की पावन अमृत मई कथा का बखान होगा। इसको लेकर आयोजन समिति एवं समस्त ग्राम वासी पूरी तरह से तैयारी में जुटे हुए हैं। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 श्री राम गोपाल दास महराज देवरघटा वाले होंगे। विशिष्ट अतिथि अंजनी मनोज तिवारी नगर पंचायत अध्यक्ष शिवरीनारायण, सांसद गुहाराम अजगल्ले, क्षेत्रीय विधायक शेषराज हरवंश, हरीश साहू ओबीसी महासभा संभाग अध्यक्ष बिलासपुर, सरपंच कोमल प्रसाद पटेल, सरिता धन्नू साहू उपस्थित रहेंगे।

### 67वीं राष्ट्रीय शालेय नेटबॉल प्रतियोगिता में मिला कांस्य पदक

**जांजगीर-चांपा।** 67वीं राष्ट्रीय शालेय अंडर- 17 नेटबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम को कांस्य पदक मिला है। जांजगीर के राहुल यादव टीम के अहम सदस्य रहे। जानकारी अनुसार 67 राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता अंडर-17 दिल्ली में आयोजित थी। इसमें छत्तीसगढ़ टीम को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। जांजगीर के राहुल यादव का शानदार प्रदर्शन रहा। राहुल यादव जीएस की पोजीशन पर खेलते हुए छत्तीसगढ़ टीम को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। राहुल यादवस्वामी आत्मानंद नंबर एक स्कूल में दसवीं कक्षा के छात्र हैं। उनकी माता श्यामा देवी यादव एवं पिता प्रदेशी यादव प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड चांपा में कार्यरत है। राहुल एक मध्यम वर्गीय परिवार से हैं इस उपलब्धि के लिए राहुल यादव ने अपने माता-पिता एवं अपने गुरु जन और नेटबॉल एसोसिएशन आफ जांजगीर चांपा के कोच एंव पदाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया है। राहुल की इस उपलब्धि के लिए साथी खिलाड़ियों उन्हें बधाई दी है एवं नेटबॉल एसोसिएशन आफ जांजगीर-चांपा के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने नेटबॉल परिवार की ओर से उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## निधन

### उमाशंकर शुक्ला



**चांपा।** लायंस चौक निवासी प्रतिष्ठित नागरिक एवं रिटायर्ड टीचर उमाशंकर शुक्ला (चोरिया वाले ) का 22 जनवरी को 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बैरियर चौक स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये है। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधुओ के अलावा नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे विजय शुक्ला, अजय शुक्ला के पिता थे।

### कलेक्टर ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# पीएम आवासों की नियमित मॉनिटरिंग कर समय-सीमा में करें पूर्ण : छिकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कलेक्टर आकाश छिकारा ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने लंबित प्रकरणों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही पीएम आवास योजना की नियमित मॉनिटरिंग कर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर आकाश छिकारा ने मंगलवार 23 जनवरी को कलेक्टारेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस समारोह के तैयारियों की जानकारी लेते हुए गरिमामय आयोजन के लिए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल होंगे। कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस समारोह के कल 24 जनवरी को फाईनल रिहर्सल में संबंधित विभागों को उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने 24 जनवरी को जिले के स्कूलों में चलाए जाने वाले आयुष्मान कार्ड महाअभियान में सभी मैदानी अमलों को सक्रिय हो कर शत प्रतिशत कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवासों का नियमित मॉनिटरिंग कर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। समीक्षा बैठक में उन्होंने लक्षित स्वीकृत आवासों की समीक्षा करते हुए पूर्ण-अपूर्ण आवास, लंबित आवास और जीओ टैगिंग के कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत जिले में शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को धान खरीदी कार्यों पर सतत मॉनिटरिंग करते हुए कोचियो और बिचौलियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने संभावित बारिश को ध्यान में रखते हुए धान खरीदी केंद्रों में बारिश से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। बैठक में कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत अब तक आयोजित किये गए शिविरों में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने 10 से 12 फरवरी तक आयोजित होने वाले जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला की सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा - निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से समय सीमा के बाहर के लंबित प्रकरण, विवादित नामांतरण, अविवादित नामांतरण, सीमांकन, नक्शा बटांकन, विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरण, सीजी पोर्टल, जनदर्शन तथा जन शिकायत के लंबित प्रकरणों का संबंधित विभागों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पीएम पोषण अभियान, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना की विस्तार से समीक्षा की गई। इसके साथ ही बैठक में विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**स्कूलों में आज चलाए जाएंगे आयुष्मान कार्ड महाअभियान**



समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर आकाश छिकारा।



जनदर्शन में लोगों की समस्याएं सुनती कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना।

## किसी ने बोनस राशि तो किसी ने सम्मान निधि दिलाने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

■ जनदर्शन में कलेक्टर ने दूर दराज से पहुंचे लोगों की सुनी समस्याएं

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूरदराज के गांवों से आये विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए है।

जनदर्शन में जैजैपुर तहसील के अन्तर्गत आने वाले ग्राम आमापाली निवासी उमाशंकर पटेल पिता भूषण लाल पटेल ने कृषि विस्तार अधिकारी के द्वारा उनके किसान पंजीयन आधार बैंक विवरण संशोधन नही करने के संबंध में जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंचे। जिस पर कलेक्टर ने नियमानुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसी प्रकार जनदर्शन में जैजैपुर तहसील के अन्तर्गत आने वाले ग्राम ओडेकेरा निवासी खिलावन प्रसाद धान बोनस की राशि दिलाने के संबंध में पहुंचे, मालखरौदा तहसील के ग्राम मांद्रागोठी निवासी रामचरण सतनामी ने किसान सम्मान निधि के अप्राप्त किस्त दिलवाने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को शीघ्र ही नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार अड़भार तहसील के ग्राम भाटा निवासी कृष्ण कुमार डनसेना ने समर्पित रकबा वापस करने के संबंध में आवेदन सहित अन्य विभिन्न ग्रामीणों द्वारा राजस्व, आवास, रोजगार प्रदाय, पेंशन भुगतान, भूमि विवाद, नामांतरण, बटवारा सहित अन्य आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे। जिस पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने संबंधित विभागो को सभी प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

## खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलना चाहिए : डॉ. देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

■ सिवनी भदरा में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न

खिलाड़ियों को खेल भावना से ही खेलना चाहिए। चूंकि खेल में जय और पराजय तो होती ही है।उक्त बातें ग्राम सिवनी भदरा अमलडिहा में जय मारुती दल द्वारा आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में समाजसेवी डॉ सुरेश देवांगन ने मुख्य अतिथि की आसंदी से ब्यक्त किया।

उन्होंने विजेता टीम को सम्मानित करते हुए कहा कि इस तरह का खेल प्रतिवर्ष होना चाहिए। इस मौके पर रामदयाल यादव, दाऊराम मन्नेवार, होरीलाल मन्नेवार, पंच तिहार सिंह, दिनेश कश्यप, भूपेश कश्यप, संजू केवट, तुषार कश्यप, रुपेश राठौर, अनिल मन्नेवार, भागीरथी कश्यप, राकेश मन्नेवार, लालाराम कश्यप, अंशु, अरुण, तथा जिले के कई गाँव के प्रतिभागी उपस्थित थे।



अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी।

**अमलडीहा के टीम ने मारी बाजी-** सिवनी भादरा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में कोरबा जिले के अमलडीहा के जय मारुती दल ने बाजी मारी। वहीं दूसरा पुरुस्कार अमादहरा, तीसरा ठाड़कपुर, चौथा पुरुस्कार सिवनी चांपा को मिला। प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त करने वाले जय मारुती कबड्डी टीम ने जिला और राज्य स्तर पर कई पुरुस्कार प्राप्त कर चूके हैं।

### अन्नधरी दाईं मंदिर परिसर पहरिया में हुआ मानस गायन

**बलौदा।** अयोध्या में हुए भगवान रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरा नगर राममय हो गया। इस अवसर पर पहरिया स्थित मां अन्नधरी दाईं मंदिर परिसर में रामचरित मानस रामायण का आयोजन किया गया। भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा दिवस के अवसर पर विकास खंड स्तरीय रामचरित मानस रामायण का आयोजन मां अन्नधरी दाईं मंदिर परिसर में पहरिया किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बलौदा के अध्यक्ष श्रीमती नमता राठौर, पूर्व अध्यक्ष कन्हैया राठौर, जनपद सदस्य बबीता साहू, सुरेश पटेल सरपंच, राजेन्द्र शर्मा ,श्रीमती ईश्वरी कंवर, रामदुलारी कैवत्य, मदन कश्यप , सीईओ श्रीआदिले, झामन लाल दिब्य, संतोष रजक, नीलेश देवांगन, आनंद नामदेव, सचिव कृष्ण कुमार राठौर, मानस मंडली कन्डरा, कदरी, जुनाडीह, खोहा ने भगवान श्री राम के चरित्र को अपने अपने शब्दों में वर्णन कर श्रोताओं का मन मोह लिया। समापन पर उपस्थित सभी मानस मंडली को पांच पांच हजार का चेक अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया।



## एसपी ने दी भारतीय न्याय संहिता की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ पुलिस लाइन में आयोजित कार्यशाला में प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया प्रशिक्षित

पुलिस लाईन जांजगीर में नवीन भारतीय न्याय संहिता की धाराओं की विस्तृत जानकारी के लिए जिले के राजपत्रित अधिकारी, सभी थाना, चौकी प्रभारी एवं विवेचकों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में एसपी विजय अग्रवाल ने विवेचकों को नवीन भारतीय न्याय संहिता की धाराओं को प्रोजेक्टर (पीपीटी) के माध्यम से दिखाकर प्रशिक्षित किया। उपस्थित विवेचकों को माब लिचिंग में बीएनएस की धारा 103 (1) और आईपीसी की धारा 302 हत्या के लिए सजा, गैर इरादतन हत्या जो हत्या की श्रेणी में नहीं आता है उसके लिए सजा बीएनएस की धारा 105 एवंआईपीसी की धारा 304 निर्धारित सजा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यदि आरोपी पुलिस को मामले की रिपोर्ट करता है और पीड़ित को चिकित्सा उपचार के लिए अस्पताल ले जाता है तो कम सजा होगी। संगठित अपराध में धारा 111 का अर्थ बताते हुए बताया गया कि दो या दो से अधिक व्यक्ति यों का एक समूह जो अकेले या संयुक्त रूप से, एक सिंडिकेट या गिरोह के रूप में किसी भी निरंतर गैर कानूनी गतिविधि में शामिल होते हैं तो उनके खिलाफ किस तरह कार्रवाई की जा सकती है इसकी जानकारी दी गई। इसके अलावा सभी थाना और चौकी प्रभारियों को प्राप्त शिकायतों का सात दिवस के भीतर आवश्यक रूप से निराकरण करने और प्रतिदिन रोलकाल, गणना के बाद उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को नए कानून के संबंध में 15 मिनट विस्तार से प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विस्तार पूर्वक भारतीय न्याय संहिता के अनुसार परिवर्तित होने वाली आईपीसी, सीआरपीसी की धाराओं की जानकारी विवेचकों को दी और उनके प्रश्नों के जवाब दिए। इस अवसर पर एसपी विजय अग्रवाल द्वारा सभी उपस्थित थाना,चौकी प्रभारियों को नवीन भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) का पुस्तक दिया गया।



कार्यशाला में विवेचकों को जानकारी देते पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल।

## उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में चल रहे फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के अंतर्गत पुनरीक्षण कार्य का उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने सोमवार को निरीक्षण किया गया।

उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय जांजगीर एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जांजगीर कार्यालय पहुंचकर चल रहे कार्यों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुनरीक्षण अवधि में अब तक प्राप्त फॉर्म 6, 7, 8 एवं निराकरण की स्थिति, फॉर्म 6, 7, 8 निराकरण हेतु अपनाई जा रही आयोग के एस ओ पी का पालन, पीएसई, डीएसई के निराकरण करने की स्थिति, डायरेक्ट एईआरओ द्वारा स्कूल, कॉलेजो में आयोजित कैंप एवं उसमे प्राप्त फॉर्म की जानकारी, फॉर्म 9, 10, 11, 11ए, 11बी का कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा एवं जिले के वेबसाइट में अपलोड करने की स्थिति, इत्यादि के बारे की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पुनरीक्षण अवधि में प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर करने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मडावी, निर्वाचन पर्यवेक्षक प्रदीप कुमार पाण्डेय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय जांजगीर चाम्पा के कर्मचारी उपस्थित रहे।



निरीक्षण के दौरान चर्चा करती उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी।

## सरस्वती शिशु मंदिर में स्वर्ण जयंती वार्षिकोत्सव

**सक्ती।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वर्ण जयंती वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अभ्यागत शिवाजी बाल कल्याण समिति के सस्थापक सदस्य छेदीलाल थे। सरस्वती शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष जुड़ावन सिंह ठाकुर ने विद्यालय के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए प्रबंध समिति को स्वर्ण जयंती पर बधाई दिया।

संस्थान प्रतिनिधि चंद्रकिशोर श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय के प्रारंभिक दौर से उनका नाता रहा है। विद्यालय प्रबंध समिति के व्यवस्थापक मांगेराम अग्रवाल ने बताया कि स्वर्ण जयंती के पलों में हम अपने पूर्व सदस्यों, आचार्यों व विद्यार्थियों को अपने बीच पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहे है। विद्यालय के पूर्व व्यवस्थापक एवं उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने स्वर्ण जयंती की बेला पर वार्षिकोत्सव के आयोजन को एतिहासिक बताते हुए कहा कि आज विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी, आचार्य परिवार एवं समिति के पूर्व संस्थापक को अपने बीच पाकर प्रफुल्लित हैं। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष रामावतार अग्रवाल एवं सह व्यवस्थापक ने संबोधित करते हुए 50 वीं वर्ष पर विद्यालय परिवार को बधाइयां दी तो वहीं अध्यक्ष कपूरचंद अग्रवाल ने आशीर्वचन दिया। विद्यालय परिवार की ओर से अंचल के पत्रकारों को श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव व मातृ सम्मेलन का संचालन आचार्य बिरिछ राम बरेठ और आचार्या सावित्री महंत के द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य पुरनगिरी गोस्वामी तथा अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्य बलदाऊ साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व प्राचार्य बजरंग अग्रवाल, बिहारी लाल राठौर, डमरूधर देवांगन के साथ स्कूल स्टाफ का योगदान रह। कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक नृत्य नाटिका एवं एकल नृत्य की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी।



श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते अतिथि।

# ईश्वर को छोड़कर किसी अन्य से प्रेम करना दिखावा : लखनदास

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

■ श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिवस ब्यास आचार्य ने सुनाई रुकमणि विवाह की कथा

आदर्श ग्राम पंचायत खोरसी के दुबे निवास में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के षष्ठम दिवस कथा वाचक लखनदास महाराज ( मारुति धाम देवरघटा) ने उपस्थित श्रद्धालुओं को रुकमणी विवाह की कथा सुनाई।

उन्होंने कहा कि भिसमक नामक राजा के चार पुत्र थे और एक पुत्री थी। उनमें जेष्ठ पुत्र का नाम रुखमी था जो अपने बहन रुकमणी को बहुत प्रेम करते थे। एक दिन राजा भिसमक ने अपने पुत्री का विवाह शिशुपाल से करना सुनिश्चित किया जो रुखमी का मित्र था। जैसे ही रुकमणी को यह पता चला कि उनकी विवाह शिशुपाल से निश्चित हुई तो रुकमणी ने अपने भाभियों को बताया कि मैं शिशुपाल से विवाह नहीं करुंगी क्योंकि मैं श्री कृष्ण को सच्चे मन से अपना पति मान चुकी हूं और मैं श्री कृष्ण जी से विवाह करूंगी नहीं तो मैं जीवन समाप्त कर दूंगी। इस बात को सुनकर उनकी भाभियों ने भी उसकी साथ देने का वचन दिया। उसके बाद रुकमणी ने ब्राह्मण जी के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण एक प्रेम पत्र भेजा, जिसमें लिखा गया कि हे भगवान श्री कृष्ण मैं आपको मन ही मन अपना पति मान चुकी हूं और मेरी विवाह आपके साथ नहीं हुई तो मैं अपनी जीवन समाप्त कर दूंगी। इसके बाद दोनों का विवाह वैदिक धर्म के अनुसार किया गया। ब्यास आचार्य ने कहा कि यदि किसी से प्रेम करना है तो ईश्वर से कीजिए जिससे आपका जीवन संवर जाए। यदि ईश्वर को छोड़कर किसी अन्य से प्रेम करते हैं तो यह प्रेम दिखावा कहा जा सकता क्योंकि यह प्रेम क्षण भर के लिए होता जो जीवन को समाप्त कर देता है। कथा श्रवण करने खीखराम चौहान सरपंच, प्रशांत कुमार दुबे, योगेन्द्र तिवारी, उत्तम सोनी, दीपक कुमार दुबे, नवीन कुमार दुबे, सुजाल पांडेय, दिलीप कुमार दुबे सहित श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



कथा सुनाते लखनदास महाराज एवं श्रीकृष्ण और रुकमणी की वेशभूषा में सजे बच्चे।

## भवसागर से मुक्त करती है भागवत

**अकलतरा।** समीपस्थ ग्राम कटनई में इन दिनों भाव भक्ति का माहौल हैं। गांव के पहरिया पाठ स्थल पर श्रीमद भागवत कथा, शिव शक्ति महायज्ञ एवं अयोध्या में श्री राम चंद्र जी की प्राण प्रतिष्ठा पर पूरा गांव भक्ति रस में लीन हो गया। प्रति दिन सुबह शिवशक्ति यज्ञ और शाम को श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन हो रहा है। भागवताचार्य कथावाचिका जयेस्वरी देवी वृंदावन ने बताया कि भागवत कथा जीवो एवं प्राणियों को भवसागर से मुक्त करती हैं मुक्त होने का मतलब जीवन से नही दुनियादारी से मुक्त होना है जीवन मे सात गठाने होती हैं काम, क्रोध, मद, लोभ , मोह मत्सर, अविध्या,। एक एक दिन एक एक टूटती चली जायेगी । भागवत कथा श्रवण से जो प्रेम करता है उसका संबंध भगवान से जुड़ जाता है, कलयुग में मुक्ति प्राप्त करने की सबसे सरल उपाय कथा श्रवण करना। भगवान का नाम जाप करना हैं, श्री मद भागवत कथा एवं शिवशक्ति यज्ञ 19 जनवरी प्रारंभ हुई जो 26 जनवरी तक चलेगी। श्री शिवशक्ति यज्ञ एवं भागवत कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीण एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए हैं।



